मध्य प्रदेश शासन
गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन,

__//आदेश//__

भोपाल,दिनांक 24 मई 2018

क्रमांक एफ–1(बी) 40/2017/बी–4/दो,:: इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 26.10.2017 द्वारा परिवीक्षाधीन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के पद पर, लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भरती से मुख्य सूची से चयनित एवं नियुक्त श्री विक्रम भार्गव, राम मंदिर के पास कोलारस जिला शिवपुरी द्वारा दिनांक 14.11.2017 को कार्यालय जिला लोक अभियोजन अधिकारी, छिंदवाडा में कार्यभार ग्रहण किया गया। इन्होंने जिला लोक अभियोजन अधिकारी, छिंदवाडा के माध्यम से सचालक, लोक अभियोज़न म0प्र को आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया कि इनका चयन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर होने के उपरांत माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। इनके द्वारा नियमानुसार एक माह का वेतन चालान के माध्यम से जमा करा दिया है। अतः दिनांक 18.5.2018 अपरांह से त्यागपत्र स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया।

2/– संचालक, लोक अभियोजन, म.प्र. के पत्र क्रमांक लोक.अभि.सचा/स्था–4/362 दिनांक 21.5.218 के अनुसार श्री विक्रम भार्गव, परिवीक्षाधीन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, छिंदवाडा द्वारा त्यागपत्र देने के फलस्वरूप इनके द्वारा एक माह का वेतन चालान क्रमांक 29 दिनांक 18.5.2018 द्वारा राशि रूपये 38010/– (रूपये अडतीस हजार दस मात्र) जमा कर दी गई है।

3/– श्री विक्रम भार्ग, परिवीक्षाधीन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, छिंदवाडा के पद पर नियुक्ति/पदस्थापना हेतु जारी समसमंख्यक आदेश दिनांक 26.10.217 की कंडिका–6 में निहित प्रावधानों के तहत इन्होंने एक माह का वेतन राशि रूपये 38010/– (रूपये अडतीस हजार दस मात्र) चालान क्रमांक 29 दिनांक 18.5.2018 द्वारा जमा करा दी गई है।

4/– अतः राज्य शासन एतद्द्वारा श्री विक्रम भार्गव, परिवीक्षाधीन सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, छिंदवाडा का दिनांक 18.5.2018 से त्यागपत्र स्वीकृत किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

24.5.18

(श्रीदास)
अवर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग

क्रमांक एफ–1(बी) 40/2017/बी–4/दो भोपाल दिनांक 24 मई 2018

प्रतिलिपि :–

1 प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग।

2 संचालक, लोक अभियोजन, म.प्र.

3 महालेखाकार, म0प्र0 ग्वालियर

4 सचिव, लोक सेवा आयोग, इंदौर।

5 जिला अभियोजन अधिकारी, छिंदवाडा।

6 सबंधित अधिकारी – श्री विक्रम भार्गव, परिवीक्षाधीन एडीपीओ छिंदवाडा – द्वारा संचालक, लोक अभियोजन, म0प्र0

7 आर्डर बुक

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

24.5.18

अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग